NEW ERA PROGRESSIVE SCHOOL

ADDRESS : BEHIND TEHSIL OFFICE, RAMPUR, KORBA (C.G.)

Affiliated to CBSE, Delhi vide Affiliation. No-3330123

SCHOOL CODE: 10274, Pin-495677,Ph.No- 8889914979

PRESS RELEASE

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 05/01/2025

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा में दिनांक 04/01/2025 को कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के छात्रों का वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। उक्त कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री तामरेश्वर उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा, विद्यालय के संरक्षक श्री बी. एल. साहू, विद्यालय के चेयरमेन श्री किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर श्री दिलीप कुमार साहू, प्राचार्य श्री डी.एस. राव एवं प्रधान पाठक श्री जगजीत सिंह की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

छात्रों की रंगारंग प्रस्तुति से उपस्थित अतिथिगण एवं पालकगण बहुत ही प्रसन्न हुए। नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के छात्रों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य पर नृत्य प्रस्तुत किया एवं खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के दौरान सत्र् 2023-24 में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन के पश्चात विद्यालय के चेयरमेन श्री किशोर कुमार साहू ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है तथा सभी छात्रों को आने वाले वर्षों के कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

New Era Progressive School Rampur Korba

प्राचार्य

डी.एस. राव

न्यू एरा प्रोग्रेसिव कोरबा